# कल्पलता
# (KALPLATA)



*Edited by :*
**Dr. Ramesh Kumar Pandey**

SANSKRIT SANSKRITI PRATISHTHANAM
NEW DELHI

## *ABOUT THE BOOK*

The book is likely to act as a turning point in the life of the reader and is bound to bring about a change in his thinking and behaviour.

*Cover Picture*

**TADAKESHWAR MAHADEV**

West Bengal

सत्यं शिवं सुन्दरम्

# आशीर्वादः

श्री हरिः शरणम्

स्वामी विजयेन्द्रसरस्वती
शङ्कराचार्यः

स्वामी जयेन्द्रसरस्वती
शङ्कराचार्यः

पूज्यानां श्रीकाँची-कामकोटि-पीठाधिपतीनाम्

# उपहार

कल्पलता की **पाँच प्रतियाँ** अपने प्रियजनों को **उपहार स्वरूप** देकर उनके तथा अपने आध्यात्मिक जीवन को सफल बनाएँ।

**शंकराचार्य श्री जयेन्द्र सरस्वती**
*काँची काम कोटि पीठम्*
*काँचीपुरम्।*

*प्राप्ति स्थान :*

**नीता प्रकाशन**
ए-4, रिंग रोड, साउथ एक्सटेंशन, भाग-1,
नई दिल्ली-110049
दूरभाष : 4636010-20-30, फैक्स : 4636011

**आचार्यों का निर्देश है कि यह ग्रन्थ जन-जन तक पहुँचाया जाए, इस पुण्य कार्य में सबका सहयोग आवश्यक है।**

**• प्रकाशक**

# कल्पलता

# (KALPALATA)

*A Collection of Devotional Poems*

*Edited by :*
Dr. Ramesh Kumar Pandey

**SANSKRIT SANSKRITI PRATISHTHANAM**

E-80, SOUTH EXTENTION PART-1,
NEW DELHI-110049

*Published by :*

Smt. Shanti Devi Gupta

**neeta prakashan**

*Educational Publisher*

A-4, Ring Road, South Extn. Part-I
New Delhi-110049 INDIA

Phone : (91-11) 4636010-20-30 ❒ Fax : (91-11) 4636011,
Gram : Loveneeta ❒ E Mail : neeta@giasdl01.vsnl.net.in

© All Rights Reserved

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| First edition | : | 1997 | - | 1000 |
| Second edition | : | 1997 | - | 6000 |
| Third edition | : | 1998 | - | 11000 |

*PRICE :*

Paper back Rs. 110.00
Library ed Rs. 150.00
$ 10.00

Printed at Sona Printers Pvt. Ltd. B-181 Okhla Ph-1, N.D.-20. Ph: 6811313-4-5-6

दूरभाष : (एस. टी. डी. ०४११२-२२११५)

*श्रीचन्द्रमौलीश्वराय नमः*
*श्रीशंकर-भगवत्पाद-परम्परागतम्*
*पूज्यानां श्रीकाँची-कामकोटि-पीठाधिपतीनां*
*जगद्गुरु-श्रीशंकराचार्य-स्वामि-पादानां*
*श्रीमठ-संस्थानम्*
नं. १ सालै-मार्ग काँचीपुरम् ६३११५०२
**यात्रास्थान** : हरिद्वार (उ० प्र०)

# सन्देश

**"जन्तूनां नरजन्म दुर्लभम्"** इस वाक्य के अनुसार संसार में कई प्रकार के जीव-जन्तु होने पर भी मनुष्य-जन्म अत्यन्त दुर्लभ है और यह अनेक पुण्यों से प्राप्त होता है। इस मनुष्य-जीवन को सच्चा जीवन बनाने के लिए मानव (जनता) के अनेक कर्त्तव्य हैं। आजकल जिस प्रकार मुनष्य अपने साधारण कार्यक्रम के लिए नित्य-चर्या लिखता है, उसी प्रकार उसे अपनी जीवन-चर्या तैयार करनी चाहिए।

इस दिशा में **नीता प्रकाशन** हमारे आशीर्वाद से संस्कृत-संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए अनेक कार्य कर रहा है। **कल्पलता** नामक ग्रन्थ का, जिसमें दैनिक-व्यवहारश्लोक, नित्यपूजनविधि, पारायणश्लोक, चर्पटपञ्जरिका आदि स्तोत्रों एवं मन्त्रों के अतिरिक्त नैतिक-शिक्षा की दृष्टि से प्रश्नोत्तर-रत्नमालिका भी संगृहीत है, नित्य कार्यों, अनुष्ठानों एवं जीवन के उत्थान के लिए प्रकाशन किया गया है। हर एक मानव ये स्तोत्र पढ़कर, भगवत्प्रसाद लेकर जीवन की आध्यात्मिक उन्नति के शिखर पर पहुँचे, ऐसा मेरा मानव-मात्र को आशीर्वाद है।

स्वतन्त्रता की स्वर्ण-जयन्ती पर मेरा यह शुभ सन्देश।

इत्थं नारायणस्मृतिः
(पूज्यपादस्वामी श्रीजयेन्द्रसरस्वती)

## लिप्यन्तरण को कैसे पढ़ें ?

संस्कृत-भाषा को अनेक लिपियों में लिखने की परम्परा है, भारत वर्ष में सबसे अधिक प्रचलित देवनागरी है। इसमें कुल 48 वर्ण हैं —— 13 स्वरवर्ण तथा 35 व्यञ्जन वर्ण। व्याकरण के प्राचीन विद्वानों ने इन वर्णों को व्यावहारिक भाषा-वैज्ञानिक विधि से व्यवस्थित किया है। जिसे पाश्चात्य विद्वानों ने भी स्वीकार किया है। लिप्यन्तरण की जो विधि कल्पलता में प्रयुक्त हुई है वह ऐसी विधि है, जिसे पिछले 100 वर्षों से विद्वानों ने संस्कृत-ध्वनियों के उच्चारण के लिए स्वीक़ार किया है। पाठकों की सुविधा के लिए उसकी एक तालिका अगले पृष्ठ पर दी जा रही है।

## How to Read the Transliteration?

Sanskrit language has been written in a variety of scripts. The mode of writing most popular throughout India, however, is called **Devanāgarī,** which consists of forty-eight characters: thirteen vowels and thirty-five consonants. Ancient Indian Sanskrit grammarians arranged this alphabet according to practical linguistic principles, and this order has been accepted by all Western Scholars. The system of transliteration used in this Kalpalatā conforms to a system that scholars in the last hundred years have accepted to indicate the pronunciation of each Sanskrit sound. For the guidance of readers, a table of Sanskrit sounds is being given on next page.

# THE TABLE OF SANSKRIT SOUNDS

## VOWELS.

| Initial, | Medial, | Equivalent |
|---|---|---|
| अ | – | a |
| आ | ा | ā |
| इ | ि | i |
| ई | ी | ī |
| उ | ु | u |
| ऊ | ू | ū |
| ऋ | ृ | ṛ |
| ॠ | ॄ | ṝ |
| ऌ | ॢ | ḷ |
| ए | े | e |
| ऐ | ै | ai |
| ओ | ो | o |
| औ | ौ | au |

## CONSTANTS.

| | Equivalent, | | | Equivalent | |
|---|---|---|---|---|---|
| क | ka | Gutturals | प | pa | Libials |
| ख | kha | | फ | pha | |
| ग | ga | | ब | ba | |
| घ | gha | | भ | bha | |
| ङ | ṅa | | म | ma | |
| च | ca | Palatals | य | ya | Semivowels |
| छ | cha | | र | ra | |
| ज | ja | | ल | la | |
| झ | jha | | व | va | |
| ञ | ña | | | | |
| ट | ṭa | Cerebrals | श | śa | Spirants |
| ठ | ṭha | | ष | ṣa | |
| ड | ḍa | | स | sa | |
| ढ | ḍha | | ह | ha | |
| ण | ṇa | | | | |
| त | ta | Dentals | : | ḥ (Visarga) | |
| थ | tha | | | | |
| द | da | | | ṃ (Anusvāra) & (Anunāsika) | |
| ध | dha | | | | |
| न | na | | | | |

ं, ꣳ चिह्न को अनुस्वार समझिये।

ं, ꣳ **Marks indicate the Anūsvara.**

# अनुग्रह

श्रद्धालु पाठकों के हाथों में **कल्पलता** का तीसरा संस्करण देते हुए हम अत्यन्त गौरव एवं हर्ष का अनुभव कर रहे हैं। सच्ची निष्ठा से इस संग्रह का स्वागत करते हुए आपने जो हमारा उत्साह बढ़ाया है, उसका ही यह परिणाम है कि **तीसरा संस्करण** इतने कम समय में आपके सामने प्रस्तुत है।

इस संग्रह को तैयार करने में **जगद्‌गुरु शङ्कराचार्य श्री जयेन्द्र सरस्वती जी** एवं **शङ्कराचार्य श्री विजयेन्द्र सरस्वती जी,** (काञ्चीकामकोटि), **जगद्‌गुरु शङ्कराचार्य श्रीमाधवाश्रम जी** का जो अनुग्रह हमें प्राप्त हुआ है, उसका लाभ सभी को प्राप्त हो, यही हमारी कामना है।

इसके अतिरिक्त जिन सन्तों के आशीर्वाद एवं उपदेश से इस संग्रह को परिमार्जित किया गया है, उनमें **श्री मौनी बाबा,** लक्ष्मीकुण्ड, वाराणसी, स्वामी **श्रीसत्यमित्रानन्द जी,** भारत माता मन्दिर, हरिद्वार तथा स्वामी **श्री चिन्मयानन्द जी,** परमार्थ निकेतन, हरिद्वार प्रमुख हैं। कल्पलता के इस संस्करण के निर्माण में जिन महापुरुषों ने अपने सत्परामर्श से लाभान्वित किया है। उनमें भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश **श्री रंगनाथ मिश्र** एवं काशी के विख्यात विद्वान् **डॉ. भागीरथप्रसाद त्रिपाठी 'वागीश शास्त्री'** मुख्य हैं। आदरणीय इन समस्त **गुरुजनों, आचार्यों** एवं **महापुरुषों** के प्रति हम अपनी प्रणत-कृतज्ञता व्यक्त करते हैं और आशा करते हैं कि भविष्य में भी इसी प्रकार इनका सहयोग एवं मार्ग-दर्शन हमें प्राप्त होता रहेगा।

पूर्ण प्रयत्न करने के बाद भी कुछ अशुद्धियाँ रह सकती हैं, जिनके लिए विद्वज्जनों से प्रार्थना है कि आवश्यक संशोधन करते हुए हमें सूचित करने की कृपा करें, इसके लिए हम आपके कृतज्ञ रहेंगे।

**प्रकाशक**

# श्रीकाञ्ची-कामकोटि-पीठम् द्वारा
# कल्पलता का हरिद्वार में
# विमोचन-समारोह



शङ्कराचार्य जी कल्पलता का विमोचन करते हुए।

शङ्कराचार्य जी राधेश्याम गुप्ता एवं लेखक को आशीर्वाद देते हुए।



शङ्कराचार्य जी एवं ब्रह्मचारी जी कल्पलता को दर्शाते हुए।



शङ्कराचार्य जी राधेश्याम गुप्ता एवं लेखक को आशीर्वचन कहते हुए।

# वन्दना के स्वर

भगवान् की बड़ी विचित्र लीला है, वह हर प्राणी के प्रति अत्यन्त दयालु है। उसकी प्रेरणा से निरन्तर विस्मयकारी घटनाएँ घटती रहती हैं। इधर कुछ दिनों से मेरे मन-मस्तिष्क में काफी उथल-पुथल चल रही थी; हृदय अशान्त था। अचानक मन में हरिद्वार की यात्रा का विचार उठा और दूसरे दिन ही निकल पड़ा।

हरिद्वार पहुँचकर माँ-गङ्गा के शीतल जल में गोता लगाया तो लगा कि सारी बैचेनी छू-मन्तर हो गयी। सात्त्विक मन से सन्ध्या-वन्दनादि से निवृत्त होकर जैसे ही खड़ा हुआ कि पास से किसी ने कहा कि आजकल हरिद्वार में ही काम-कोटि पीठाधीश्वर जगद्गुरु शङ्कराचार्य स्वामी जी चातुर्मास्य कर रहे हैं। मैने पूछा - "कहाँ?" उत्तर मिला - "बिड़ला निकेतन में।" मैं बिड़ला निकेतन पहुँच गया। वहाँ पता चला कि स्वामी जी के दर्शन सायंकाल होंगे। सन्ध्या-समय पूज्यपाद स्वामी जी के चरणों का दर्शन-लाभ हुआ और घण्टों वार्तालाप का अवसर मिला। उन्हीं के आशीर्वाद से 'कल्पलता' संग्रह तैयार करवाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मैं अत्यन्त प्रणत भाव से स्वामी जी के चरणों में अपनी कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ।

हमारे देश का साहित्य, संस्कृति एवं सभ्यता इतनी उच्च कोटि के हैं कि उनसे आधुनिक विश्व की सारी समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। इसकी श्रेष्ठता को सम्पूर्ण विश्व में स्वीकार किया गया है। ऐसी गरिमामयी भारतीय संस्कृति

का विश्व के धरातल पर पूर्ण प्रचार-प्रसार हो, यही मेरी हार्दिक कामना है।

डॉ0 रमेश कुमार पाण्डेय ने मेरे प्रस्ताव को सद्यः स्वीकार करते हुए बड़ी लगन से सरल हिन्दी एवं अंग्रेजी अनुवाद के साथ इस ग्रन्थ को तैयार किया। इस कार्य में संस्कृत-संस्कृति-प्रतिष्ठानम् के अध्यक्ष प्रो. वाचस्पति उपाध्याय का दिशा-निर्देश निरन्तर मिलता रहा। डॉ0 के. पी. ए. मेनोन् ने बड़े स्नेह भाव से सम्पूर्ण ग्रन्थ का अवलोकन किया और सत्परामर्श से मुझे उपकृत किया। अतः इन महानुभावों के इस अमूल्य सहयोग के लिए मैं कोटि-कोटि आभार व्यक्त करता हूँ।

**संस्कृत-संस्कृति-प्रतिष्ठानम्** की अभी स्थापना हुई है। यह संस्था देश के बच्चों में संस्कृति एवं संस्कृत के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से स्थापित की गई है। इसी क्रम में यह ग्रन्थ पुष्प आपके सामने प्रस्तुत है, जिसमें पूज्यपाद स्वामी जी के आशीर्वाद की सुगन्ध है। मुझे आशा ही नहीं, पूर्ण विश्वास है कि यह ग्रन्थ जन-जन तक पहुँचेगा और उनमें भारतीय संस्कृति के प्रति श्रद्धाभाव भरेगा।

***जयतु संस्कृतं जयतु संस्कृतिः***

*राधेश्याम गुप्ता*

## FOREWORD

I feel immensely happy to have been asked to write a few words of appreciation about the book entitled KALPALATĀ which has been edited by my colleague and a front rank Sanskrit scholar Dr. Ramesh Kumar Pandey. Kalpalatā as the name signifies is really capable of showering beatitude and happiness. It is a collection of didactic poetry which have been culled from different sources. In the world of literature, the term 'didactic poetry' is usually applied to a group of compositions which are precisely meant for inculcating the moral tendencies. They are not tracts or text books giving metrical exposition of complex, philosophical and moral themes, but which give an impressive poetical expression to traditional wisdom or to wisdom which springs from intimate observation of men and manners. A careful reader and spiritual seeker will find that the collections in 'Kalpalatā' aim at providing expressions of human soul craving for attaining sublimity at its acme. Each of the verse collected re-assures that here humanity will find its full expressions and poetry will display richness and depth. In one sense, didactic poetry leans perceptibly towards Sanskrit devotional poetry. In fact, Kalpalatā is full of verses which are invaluable vehicle of devotion and meditation for achieving the Puruṣārthas–Dharma, Artha and Kāma leading to the final beautitude (Mokṣa–the summum bonum of human existence). It is felt that a person who has either acquired the merit in this birth or in the previous birth feels inclined to worship HIM. In view of this, we feel that reading and chanting of these verses will keep a spiritual seeker away from the stress and strain of life and also lead him from darkness to light.

We all know that material things have never been capable of providing the inner peace of mind. It is a proven truth that "Man does not live by bread alone". In plain words "Roṭā, Kapaḍā aur Makān" are bare necessities of life but beyond that it is of utmost importance to develop an inner vision to solve the complexities of life.

Spiritual seekers especially those who are not well conversant with the divine language **'Devavāṇī'** Sanskrit will find pleasure in reciting the Ślokas, because with great efforts the learned editor has produced the Kalpalatā with English, Hindi translations and has also provided us with transliteration of the verses. In my considered opinion even our foreign students who are deeply devoted to Ancient Indian wisdom will find this book very useful. The collected Stutis in this book contain invaluable spiritual advices. It also provides the seeker to uplift his mind, body and soul.

Under the inspiring guidance and blessings from His Holiness Acharya Kanchi Kamakoti Pithadhipati Jagadguru Shankaracharya Swami Shri Jayendra Saraswati Ji, our respected friend Shri Radhe Shyam Gupta embarked upon such a noble work. Smt. Shanti Devi Gupta of Neeta Prakashan who has a deep religious bend of mind, undertook herself the task of funding the publication of this collection. I hope and trust she will keep funding such publication in future also. The editor of this 'Kalpalatā' Dr. Ramesh Kumar Pandey has done his job with meticulous care. May God shower his blessings on him.

*Prof. Vachaspati Upadhyaya*
Vice-Chancellor
S. L. B. S. Rashtriya Sanskrit
Vidyapeeth, New Delhi - 110016

# Daily worship, why?

Man is considered the most superior of all creatures. The deeds of his past life determine, what form a creature takes in his next life. This proves that the human form is the result of good deeds done in past lives. To make this life worthwhile and to attain liberation man should strive hard.

Praying to God is one way of attaining release. It is the one enjoyable way. Prayer ensures success in this world and in the other world. The Puranas tell us that prayer is the most potent way of destroying our sins.

Prayer is an important aspect of Indian culture. Indian civilization is endangered today, and we must fight the danger. We must impress upon those influenced by western cultures the importance of the Indian way of life. We must make the children – the citizens of tomorrow– value our culture. For this, we must make them understand and imbibe the principles of the Gita and the Ramayana. But this is possible only when children know a little Sanskrit (the language of the gods). Sanskrit can enlighten us about India, and also provide solutions to larger problems which are being faced by the world.

The Sanskrit–Sanskriti–Pratishthanam espouses Indian culture and Sanskrit. It especially attempts to teach children. This booklet is the first step in this direction. It contains mantras that are recited every day, and some stotras. These have been explained in simple Hindi and English to make them properly understood.

*Ramesh Kumar Pandey*

## CONTENTS

1. दैनिक-व्यवहारश्लोकाः
Verses for daily use 1-12

2. नित्य - पूजापद्धतिः
The method of daily worship 13-17

3. षोडशोपचारपूजनम्
Ṣoḍaśopacārapūjanam 18-28

4. पारायण-श्लोकाः
Verses for daily reading 29-48

5. चर्पटपञ्जरिकास्तोत्रम्
Carpaṭapañjarikāstotram 49-57

6. शिवताण्डवस्तोत्रम्
Śivatāṇḍavastotram 58-70

7. शिवमहिम्नः स्तोत्रम्
Śivamahimnaḥ Stotram 71-109

8. पुरुषसूक्तम् (शुक्लयजुर्वेद)
Puruṣasūktam (Śuklayajurveda) 110-118

9. श्रीसूक्तम्
Śrīsūktam 119-128

10. शिवसङ्कल्पसूक्तम् (शुक्लयजुर्वेद)
Śivasṅkalpasūktam (Suklayajurveda) 129-133

11. रत्नमालिका
Ratnamālikā 134-140

# दैनिक-व्यवहारश्लोकाः
# VERSES FOR DAILY USE

## प्रातः पठनीयाः श्लोकाः
## Verses to be recited in the morning

कराग्रे वसते लक्ष्मीः करमध्ये सरस्वती।
करमूले स्थिता गौरी प्रभाते करदर्शनम्।।1।।

*karāgre vasate lakṣmīḥ karamadhye sarasvatī /*
*karamūle sthitā gaurī prabhāte karadarśanam //*

कर के अग्रभाग में लक्ष्मी, मध्यभाग में सरस्वती तथा मूलभाग में गौरी निवास करती हैं।, इसलिए प्रातः कर-दर्शन करना चाहिए।

Lakshmi resides at the tips of the fingers, Saraswati in the middle of the hand (palm) and Gauri at the roots of the palm (near the wrists). Thus the hand should be seen in the morning.

समुद्रवसने देवि ! पर्वतस्तनमण्डिते।
विष्णुपत्नि नमस्तुभ्यं पादस्पर्शं क्षमस्व मे।।2।।

*samudravasane devi! parvatastanamaṇḍite /*
*viṣṇupatni namastubhyaṃ pādasparśaṃ kṣamasva me //*

समुद्ररूपी वस्त्रों को धारण करने वाली, पर्वत रूपी स्तन वाली, भगवान् विष्णु की पत्नी, हे वसुधा देवी, मैं तुम्हें नमस्कार करता हूँ। तुम मेरे पादस्पर्श को क्षमा करो।

O Devi (Earth), wife of Lord Vishnu, whose clothes are the ocean, whose breasts are the mountains, I salute you and beg your forgiveness for placing my feet on you.

अहल्या द्रौपदी सीता तारा मन्दोदरी तथा।
पञ्च *कन्याः स्मरेन्नित्यं महापातक-नाशनम्।।3।।

*ahalyā draupadī sītā tārā mandodarī tathā /*
*pañca kanyāḥ samarennityaṃ mahāpātakanāśanam //*

अहल्या, द्रौपदी, सीता, तारा और मन्दोदरी इन पाँच कन्यायों का नित्य स्मरण करने से महापातक का नाश हो जाता है।

Remembering regularly the Pancha Kanya - Ahalya, Draupadi, Sita, Tara and Mandodari - redeems one from sin.

पुण्यश्लोको नलो राजा पुण्यश्लोको युधिष्ठिरः।
पुण्यश्लोका च वैदेही पुण्यश्लोको जनार्दनः।।4।।

*puṇyaśloko nalo rājā puṇyaśloko yudhiṣṭhiraḥ /*
*puṇyaślokā ca vaidehī puṇyaśloko janārdanaḥ //*

महाराज नल, युधिष्ठिर, जनकनन्दिनी सीता एवं भगवान् जनार्दन का गुणानुवाद करने से महान् पुण्य प्राप्त होता है।

Praising king Nala, Yudhisthira, Vaidehi and Janardana leads to merit.

कर्कोटकस्य नागस्य दमयन्त्याः नलस्य च।
ऋतुपर्णस्य राजर्षेः कीर्तनं कलिनाशनम्।।5।।

*karkotakasya nāgasya damayantyāḥ nalasya ca /*
*ṛtuparṇasya rājarṣeḥ kīrtanaṃ kalināśanam //*

कर्कोटकनाग, नल, दमयन्ती तथा राजर्षि ऋतुपर्ण के नाम का कीर्तन करने से कलि का प्रभाव नष्ट होता है।

---

* यहाँ 'कन्या' शब्द स्त्री (सामान्य) अर्थ में प्रयुक्त है।
In this context, the word 'Kanyā' is used in the sence of women in genral.

Reciting the names of the serpent Karkotaka, Damayanti, Nala and the great seer Rituparna leads to the destruction of Kali.

**अश्वत्थामा बलिर्व्यासो हनूमांश्च विभीषणः।**
**कृपः परशुरामश्च सप्तैते चिरजीविनः।।6।।**

*aśvatthāmā balirvyāso hanūmāṃśca vibhīṣaṇaḥ /*
*kṛpaḥ paraśurāmaśca saptaite cirajīvinaḥ //*

अश्वत्थामा, बलि, व्यास, हनूमान्, विभीषण, कृप और परशुराम ये सात महापुरुष अमर हैं।

Ashvathama, Bali, Vyasa, Hanuman, Vibhishana Kripa and Parashurama – these seven are immortal.

**ब्रह्मा मुरारिस्त्रिपुरान्तकारी**
**भानुश्शशी भूमिसुतो बुधश्च।**
**गुरुश्च शुक्रश्शनिराहुकेतवः**
**कुर्वन्तु सर्वे मम सुप्रभातम्।।7।।**

*brahmā murāristripurāntakārī*
*bhānuśśaśī bhūmisuto budhaśca /*

*guruśca śukraśśanirāhuketavaḥ*
*kurvantu sarve mama suprabhātam //*

ब्रह्मा, मुरारि, त्रिपुरासुर का विनाश करने वाले शिव, सूर्य, चन्द्रमा, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि, राहु और केतु ये सभी मेरा प्रातःकाल शुभ बनाएँ।

Brahma, Murari, Shiva, Sun, Moon, Mangal (Mars), Budha (Mercury), Guru (Jupiter), Shukra (Venus), Shani (Saturn), Rahu and Ketu, may all these make an auspicious morning for me!

भृगुर्वसिष्ठः क्रतुरङ्गिराश्च
मनुः पुलस्त्यः पुलहश्च गौतमः।
रैभ्यो मरीचिश्च्यवनोऽथ दक्षः
कुर्वन्तु सर्वे मम सुप्रभातम्।।8।।

*bhṛgurvasiṣṭhaḥ kraturaṅgirāśca*
*manuḥ pulastyaḥ pulahaśca gautamaḥ I*

*raibhyo marīciścyavano'tha dakṣaḥ*
*kurvantu sarve mama suprabhātam II*

भृगु, वसिष्ठ, क्रतु, अङ्गिरा, मनु, पुलस्त्य, पुलह, गौतम, रैभ्य, मरीचि, च्यवन और दक्ष सभी मेरा प्रातःकाल शुभ बनायें।

Bhrigu, Vasishtha, Kratu, Angira, Manu, Pulastya, Pulaha, Gautama, Raibhya, Marichi, Chyavana and Daksha – may all these make an auspicious morning for me.

सनत्कुमारः सनकः सनन्दनः
सनातनोऽप्यासुरिपिङ्गलौ च।
सप्त स्वरास्सप्त रसातलानि
कुर्वन्तु सर्वे मम सुप्रभातम्।।9।।

*sanatkumāraḥ sanakaḥ sanandanaḥ*
*sanātano'pyāsuripiṅgalau ca I*

*sapta svarāssapta rasātalāni*
*kurvantu sarve mama suprabhātam II*

सनत्कुमार, सनन्दन, सनातन, आसुरि, पिंगल, सप्तस्वर और सप्त रसातल सभी मेरा प्रातःकाल शुभ बनाएँ।

Sanatkumara, Sanaka, Sanandana, Sanatana, Seven Swaras, Asuri, Pingala and seven netherworlds - may all these make an auspicious morning for me.

सप्तार्णवास्सप्त कुलाचलाश्च
सप्तर्षयो द्वीपवनानि सप्त।
भूरादिलोकाः भुवनानि सप्त
कुर्वन्तु सर्वे मम सुप्रभातम्।।10।।

*saptārṃavāssapta kulācalāśca*
*saptarṣayo dvīpavanāni sapta I*

*bhūrādilokāḥ bhuvanāni sapta*
*kurvantu sarve mama suprabhātam II*

सातों समुद्र, सातों कुलपर्वत, सप्त ऋषिगण, सातों द्वीपवन और सातों भुवन, सभी मेरा प्रातःकाल शुभ बनाएँ।

The seven oceans, the seven lordly mountains, the seven seers, the seven island forests and the seven upper worlds including the earth - may these make an auspicious morning for me.

पृथ्वी सगन्धा सरसास्तथाऽऽपः
स्पर्शी च वायुर्ज्वलितं च तेजः।
नभस्सशब्दं महता सहैव
कुर्वन्तु सर्वे मम सुप्रभातम् ।।11।।

*pṛthvī sagandhā sarasāstathā'paḥ*
*sparśī ca vāyurjvalitaṃ ca tejaḥ I*

*nabhassaśabdaṃ mahatā sahaiva*
*kurvantu sarve mama suprabhātam II*

गन्धयुक्त पृथ्वी, सुस्वादु जल, स्पर्शपूर्ण वायु, तेजस्वी अग्नि, और शब्द युक्त आकाश-ये सभी महत् तत्त्व के साथ मेरा प्रातःकाल शुभ बनाएँ।

Fragrant Earth, tasty Water, Air with its beautiful touch, lustrous Fire and the Sky with sounds along with 'mahat' - may these make an auspicious morning for me.

गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः।
गुरुः साक्षात्परं ब्रह्म तस्मै श्रीगुरवे नमः ।।12।।

*gururbrahmā gururviṣṇuḥ gururdevo maheśvaraḥ /*
*guruḥ sākṣātparam brahma tasmai śrīgurave namaḥ //*

गुरु ब्रह्मा है, गुरु विष्णु है, गुरु महेश्वर है, गुरु ही साक्षात् परम ब्रह्म है, ऐसे पूज्य गुरु को मैं नमस्कार करता हूँ।

The preceptor is Brahma, he is Vishnu and Maheshwara as well, he is also the supreme Brahman. To him, I bow down.

अज्ञान-तिमिरान्धस्य ज्ञानाञ्जनशलाकया।
चक्षुरुन्मीलितं येन तस्मै श्रीगुरवे नमः।।13।।

*ajñānatimirāndhasya jñānāñjanaśalākayā /*
*cakṣurunmīlitaṃ yena tasmai śrīgurave namaḥ //*

मैं, नेत्र के अज्ञान रूपी तिमिरान्ध को ज्ञान रूपी अञ्जन-शलाका से खोलने वाले पूज्य गुरु को नमस्कार करता हूँ।

I bow down to the preceptor who has opened my eyes which were blind due to the cataract of ignorance through the rod of collyrium in the form of knowledge.

## स्नानारम्भसमये पठनीयाः श्लोकाः
## Verses to be recited before taking a bath

गङ्गे च यमुने चैव गोदावरि सरस्वति।
नर्मदे सिन्धु कावेरि जलेऽस्मिन् सन्निधिं कुरु।।1।।

*gaṅge ca yamune caiva godāvari sarasvati /*
*narmade sindhu kāveri jale'smin sannidhiṃ kuru //*

हे गङ्गा, यमुना, गोदावरी, सरस्वती, नर्मदा, सिन्धु और कावेरी, आप सभी इस जल में उपस्थित हों।

O Ganga, Yamuna, Godavari, Saraswati, Narmada, Sindhu and Kaveri, please be present in this water, all of you !

गङ्गा गङ्गेति यो ब्रूयाद् योजनानां शतादपि।
मुच्यते सर्वपापेभ्यो विष्णुलोकं स गच्छति।।2।।

*gaṅgā gaṅgeti yo brūyād yojanānāṃ śatādapi /*
*mucyate sarvapāpebhyo viṣṇulokaṃ sa gacchati //*

'गङ्गा-गङ्गा' इस प्रकार जो व्यक्ति सैकड़ों योजन दूर से भी कहता है, वह सभी पापों से मुक्त हो जाता है और अन्त में वैकुण्ठ धाम को जाता है।

The one who says 'Ganga-Ganga' even from a distance of hundred of miles is redeemed of all his sins goes to heaven.

## स्नानान्ते साष्टाङ्गं सूर्यनमस्कारः

### Full prostration and prayer to the Sun after bath

मित्राय नमः, रवये नमः।
सूर्याय नमः, भानवे नमः।
खगाय नमः, पूष्णे नमः।
हिरण्यगर्भाय नमः, मरीचये नमः।
आदित्याय नमः, सवित्रे नमः।
अर्काय नमः, भास्कराय नमः।
श्रीछायासमज्ञासमेत-श्रीसूर्यनारायणस्वामिने नमः।।

*mitrāya namaḥ, ravaye namaḥ /*
*sūryāya namaḥ, bhānave namaḥ /*
*khagāya namaḥ pūṣṇe namaḥ /*
*hiraṇyagarbhāya namaḥ, marīcaye namaḥ /*
*ādityāya namaḥ, savitre namaḥ /*
*arkāya namaḥ, bhaskarāya namaḥ /*
*śrīchāyāsamajñāsameta-śrīsūryanārāyaṇasvāmine namaḥ //*

मैं छाया एवं समज्ञा सहित श्री सूर्यनारायण स्वामी को नमस्कार करता हूँ।

(ये बारह सूर्य हैं, इन सभी का अलग-अलग नाम लेते हुए नमस्कार करना चाहिए।)

My salutations to the Sun god and Chāyā and Samajñā.

(These are the Twelve Suns, We should pray to all of them invoking their respective names.)

# भोजनकाले पठनीयाः श्लोकाः

## Verses to be recited before meals

**अन्नपूर्णे सदापूर्णे शङ्करप्राणवल्लभे।**
**ज्ञानवैराग्य-सिद्ध्यर्थं भिक्षां देहि च पार्वति ।।1।।**

*annapūrṇe sadāpūrṇe śaṅkaraprāṇavallabhe /*
*jñānavairāgya-siddhyartham bhikṣāṃ dehi ca pārvati //*

हे भगवान् शिव को प्राण से भी अधिक प्रिय माँ पार्वती! तुम ही सर्वदा परिपूर्ण रहने वाली अन्नपूर्णा हो, मुझे ज्ञान और वैराग्य की सिद्धि के लिए भिक्षा प्रदान करो।

O Parvati! who is Annapurna and dearer to Lord Shiva than his life, grant me knowledge and freedom from all worldly attachment.

**अहं वैश्वानरो भूत्वा प्राणिनां देहमाश्रितः।**
**प्राणापानसमायुक्तः पचाम्यन्नं चतुर्विधम्।।2।।**

*ahaṃ vaiśvānaro bhūtvā prāṇināṃ dehamāśritaḥ /*
*prāṇāpānasamāyuktaḥ pacāmyannaṃ caturvidham //*

मैं ही विश्व के कल्याण हेतु अग्नि होकर, प्राण और अपान वायु के रूप में प्राणियों के शरीर में स्थित होकर चतुर्विध अन्नों का पाचन करता हूँ।

I am the fire of digestion in every living body, and I am the air of life, outgoing and incoming, by which I digest the four kinds of foodstuffs.

## यात्रारम्भ-काले पठनीयाः श्लोकाः

### Verses to be recited before journey

सुमुखश्चैकदन्तश्च कपिलो गजकर्णकः।
लम्बोदरश्च विकटो विघ्ननाशो विनायकः।।1।।

*sumukhaścaikadantaśca kapilo gajakarṇakaḥ /*
*lambodaraśca vikaṭo vighnanāśo vināyakaḥ //*

धूम्रकेतुर्गणाध्यक्षो भालचन्द्रो गजाननः।
द्वादशैतानि नामानि यः पठेच्छृणुयादपि।।2।।

*dhūmraketurgaṇādhyakṣo bhālacandro gajānanaḥ /*
*dvādaśaitāni nāmāni yaḥ paṭhecchṛṇuyādapi //*

विद्यारम्भे विवाहे च प्रवेशे निर्गमे तथा।
सङ्ग्रामे संकटे चैव विघ्नस्तस्य न जायते।।3।।

*vidyārambhe vivāhe ca praveśe nirgame tathā /*
*saṅgrāme saṅkaṭe caiva vighnastasya na jāyate //*

सुमुख, एकदन्त, कपिल, गजकर्णक, लम्बोदर, विकट, विघ्ननाश, विनायक, धूम्रकेतु, गणाध्यक्ष, भालचन्द्र और गजानन ये बारह नाम जो व्यक्ति विद्यारम्भ, विवाह, प्रवेश, निर्गम (यात्रा) तथा संग्राम में या किसी अन्य प्रकार के संकट आने पर पढ़ता या सुनता है, उसका विघ्न समाप्त हो जाता है।

One who recites or hears the twelve names - Sumukha, Ekadanta, Kapila, Gajakarnaka, Lambodara, Vikata, Vighnanasha, Vinayaka, Dhumraketu, Ganadhyksha, Bhalachandra and Gajanana - never faces obstacles in the beginning of studies, marriage ceremony, journies and in the battle field.

वनमाली गदी शार्ङ्गी शङ्खी चक्री च नन्दकी।
श्रीमान् नारायणो विष्णुर्वासुदेवोऽभिरक्षतु।।4।।

*vanamālī gadī śārṅgī śaṅkhī cakrī ca nandakī /*
*śrīmān nārāyaṇo viṣṇurvāsudevo'bhirakṣatu //*

वनमाला, गदा, धनुष, शंख, चक्र और तलवार (नन्दक) धारण करने वाले श्रीमान्, सकल जगत् के स्वामी, वसुदेव के पुत्र, भगवान् विष्णु चारों तरफ से मेरी रक्षा करें।

O Lord Vishnu! known as Vanamali, Gadi, Sharngi, Shankhi, Chakri, Nandaki, Narayana, Shriman and Vasudeva, protect me on all sides.

## शयनात् प्राक् पठनीयाः श्लोकाः

### Verses to be recited before sleep

अगस्तिर्माधवश्चैव मुचुकुन्दो महाबलः।
कपिलो मुनिरास्तीकः पञ्चैते सुखशायिनः।।1।।

*agastirmādhavaścaiva mucukundo mahābalaḥ /*
*kapilo munirāstīkaḥ pañcaite sukhaśāyinaḥ //*

अगस्ति, माधव, महाबली मुचुकुन्द, कपिल एवम् आस्तीक मुनि ये पाँच महापुरुष सुखकारी शयन देने वाले हैं।

Agasti, Madhava, mighty Muchukunda, Kapila and Seer Astika- These five are famous for granting sound sleep.

**अच्युतं केशवं विष्णुं हरिं सोमं जनार्दनम्।**
**हंसं नारायणं कृष्णं जपेत् दुःस्वप्नशान्तये।।2।।**

*acyutaṃ keśavaṃ viṣṇuṃ hariṃ somaṃ janārdanam /*
*haṃsaṃ nārāyaṇaṃ kṛṣṇaṃ japet duḥsvapnaśāntaye //*

अच्युत, केशव, विष्णु, हरि, सोम, जनार्दन, हंस, नारायण और कृष्ण के जपने से दुःस्वप्न नहीं होते हैं।

One who mutters Achyuta, Keshava, Vishnu, Hari, Soma, Janardana, Hansa, Narayana and Krishna, never gets bad dreams.

**ब्रह्माणं शङ्करं विष्णुं यमं रामं दनुं बलिम्।**
**सप्तैतान् यः स्मरेन्नित्यं दुःस्वप्नस्तस्य नश्यति।।3।।**

*brahmāṇaṃ śaṅkaraṃ viṣṇuṃ yamaṃ rāmaṃ danuṃ balim /*
*saptaitān yaḥ smarennityaṃ duḥsvapnastasya naśyati //*

ब्रह्मा, शङ्कर, विष्णु, यम, राम, दनु और बलि – इन सातों के नाम का नित्य स्मरण करने से दुःस्वप्न नष्ट होता है।

One who regularly remembers Brahma, Shankara, Vishnu, Yama, Rama, Danu and Bali, never gets bad dreams.

# नित्य - पूजापद्धतिः
# Nitya - pūjāpaddhatiḥ

(The method of daily worship)

ईश्वर की आराधना न केवल अपने लिए, अपितु लोक-कल्याण के लिये भी आवश्यक है। सार्वजनिक मन्दिरों में भगवान् की पूजा, वहाँ नियुक्त पुजारी के द्वारा सम्पन्न की जाती है। घरों में विशिष्ट पूजा कर्म-काण्डी पण्डितों के द्वारा सम्पन्न की जाती है, किन्तु दैनिक पूजा हर व्यक्ति को स्वयं पूजा-स्थल पर बैठ कर व्यक्तिगत रूप से करनी चाहिए।

The worship of God is necessary not only for one's own well being, but for the well-being of all. The priests of temples conduct the ceremonies of worship. In homes special 'pujas' are conducted by priests, but daily worship should be done by every individual himself.

हमारे समाज में निराकार निर्गुण ब्रह्म को भी साकार सगुण रूप देकर पूजने की प्रथा अत्यन्त प्राचीन काल से ही प्रचलित है। इसका कारण यही है कि सगुण साकार की पूजा सुगम है। विभिन्न देवताओं की भिन्न-भिन्न मूर्तियाँ मन्दिरों में प्रतिष्ठित एवं निरन्तर पूजित हो रही हैं। इस सगुण उपासना से सुख की प्राप्ति होती है।

In our society even formless God is given a form and worshipped, and this is a very old practice. The reason for this is that it is easier to worship a God with a definite form. Different Gods have been visualized differently and

a variety of images have been established and are worshipped regularly in temples. Worship through images gives great benefits.

उपासना भी दो प्रकार की होती है। एक बाह्य पूजा और दूसरी आन्तरिक या मानसिक पूजा। बाह्य पूजा के लिये पूजा सामग्री की जरूरत होती है। मानसिक पूजा थोड़ी कठिन होती है। इसलिये गृहस्थों के लिये बाह्य पूजा का विधान है। बाह्य पूजा में आराध्य के रूप में मूर्त प्रतिमा या चित्र को प्रतिष्ठित किया जाता है। पूजा के प्रारम्भ करने से पहले जलपात्र में तीर्थ-जल, पुष्प, चन्दन, अक्षत, रोली, यथासंभव दूध, नैवेद्य के लिये गुड़, सामयिक फल और महा नैवैद्य के रूप में अन्न आदि पूजन-सामग्री का प्रबन्ध कर लेना चाहिए।

Worship is of two kinds. One is external and the other is internal worship. External worship involves tangible materials. internal worship is more difficult, and this is the reason for which householders engage in external worship. External worship involves the worship of an image or a picture of God. Before worship begins, water from a holy place, flowers, sandalwood, rice, red powder, milk (if possible), jaggery for offering, fruit that is in season, and food as offereing to the Gods all must be put together.

नियमित रूप से पूजन के पूर्व पूर्ण स्नान सर्वोत्तम है किन्तु विवशतावश कण्ठ तक स्नान काफी है। स्नान के उपरान्त अपनी परम्परा के अनुसार भस्म, चन्दन, रोली का तिलक करके उपर्युक्त पूजन-सामग्री के साथ पूजन-स्थल पर पूर्व या उत्तर की ओर मुँह करके पूजा के लिए बैठना चाहिए।

It is advisable to have a full bath before worship, but if this is difficult, one is permitted to wash upto one's neck.

After a bath, according to one's tradition, having put a mark of ashes, sandalwood paste or red powder (Roli) on the forehead, and with the appropriate worship paraphernalia, the worshipper should proceed to the spot of worship, and sit with his face towards the east or north.

आराध्य मूर्त्ति के सामने अपने आसन पर बैठने के बाद आचमन करना चाहिए। '**ॐ केशवाय स्वाहा, ॐ नारायणाय स्वाहा, ॐ माधवाय स्वाहा**', कहकर तीन बार हथेली में थोड़ा पानी लेकर पीएँ। यह आचमन कहलाता है। इसके बाद **ॐ गोविन्दाय नमः** कहकर हाथ धोना चाहिए।

Sitting in front of the image on his seat, the worshipper should sip holy water after uttering the following words thrice: **om Keśavāya svāhā, om Nārāyaṇāya svāhā, om Mādhavāya svāhā'**. This is called Aachamana. Then saying the following **'Om Govindāya Namaḥ'** he should wash his hands.

पूजक को चाहिए कि वह सुखपूर्वक आसन लगाकर बैठे, फिर दाहिनी हथेली पर थोड़ा जल लेकर संकल्प करे। **ममोपात्त-समस्त-दुरित-क्षयद्वारा श्रीपरमेश्वरप्रीत्यर्थम्** ....(मेरे समस्त पापों के विनाश द्वारा श्री परमेश्वर की प्रसन्नता के लिए ....) कहने के बाद आराध्य देव का नाम लेकर '**आराधनां करिष्ये**' (पूजा करता हूँ) कहे।

The worshipper should sit comfortably. Then he should take a little water in his right palm and resolve to complete his worship. **mamopātta – samasta – durita – kṣayadvārā Śrīparameśvara – prītyartham** (By destroying my sins and to please my god...'). After uttering this, he should then add the name of deity and say **'ārādhanāṃ kariṣye'**. (I will worship.)

इसके बाद हाथ धोकर, तीर्थ-जल में फूल भिगो कर थोड़ा जल, पूजन सामग्री, आराध्य देवता तथा अपने ऊपर छिड़क ले। उसके बाद हाथ में

अक्षत, और फूल लेकर '***षोडशोपचार-पूजां करिष्ये**' (षोडश अङ्गों वाली पूजा करता हूँ ) कहकर पूजा प्रारम्भ करे।

After this, he should wash his hands; and should wet the flowers in holy water; then sprinkle the water on the items used for worship, on the deity and on himself. After this, he should take into his hands rice and flowres and say **'ṣodaśopacāra - pūjāṃ kariṣye'** (I shall perform the worship with sixteen parts), and begin worship.

---

*पूजन के दो प्रकार प्रचलित हैं–

Two methods of worship are popular –

1. **पञ्चोपचार-पूजनम्** (Pañcopacāra-pūjanam)

**गन्धपुष्पे धूपदीपौ नैवेद्यमिति पञ्चकम्।।**

gandhapuṣpe dhūpadīpau naivedyamiti pañcakam **II**

अर्थात् गन्ध, पुष्प, धूप, दीप, तथा नैवेद्य के द्वारा किया जाने वाला पूजन **पञ्चोपचार-पूजन** कहलाता है।

Pañcopacāra-pūjanam is performed with fragrance, flowers, incense, lamps and offerings.

2. **षोडशोपचार-पूजनम्** (Ṣoḍaśopacāra-pūjanam)

**आवाहनासने पाद्यम् अर्घ्यमाचमनीयकम्।**
**स्नानं वस्त्रोपवीतं च, गन्धमाल्यान्यनुक्रमात्।।**

**धूपं दीपं च नैवेद्यं ताम्बूलं च प्रदक्षिणा।**
**पुष्पाञ्जलिरिति प्रोक्ता उपचारास्तु षोडश।।**

*āvāhanāsane pādyaṃ arghyamācamanīyakam /*
*snānam vastropavitaṃ ca gandhamālyānyanukramāt //*
*dhūpaṃ dīpaṃ ca naivedyaṃ tāmbūlaṃ ca pradakṣiṇā /*
*puṣpañjaliriti proktā upacārāstu ṣodaśa //*

अर्थात् आवाहन, आसन, पाद्य, अर्घ्य, आचमनीय, स्नान, वस्त्र, यज्ञोपवीत, गन्ध, माल्य, धूप, दीप, नैवेद्य, ताम्बूल, प्रदक्षिणा और पुष्पाञ्जलि के द्वारा किया गया पूजन **षोडशोपचार-पूजन** कहलाता है।

**Ṣodaśopacāra-pūjanam** is performed with invoking, offering seat, water to wash feet, water to wash hands, water to drink, water for bath, clothes, sacred thread, fragrance, garlands, incense, lamps, offering food, betel leaf, circumambulation and flowers.

# षोडशोपचारपूजनम्
# Ṣoḍaśopacārapūjanam

**आगच्छ देव देवेश! मर्त्यलोकहितेच्छया।**
**पूजयामि विधानेन प्रसन्नस्सम्मुखो भव।।**

*āgaccha deva deveśa martyalokahitecchayā /*
*pūjayāmi vidhānena prasannassammukho bhava //*

हे देवेश! मैं मर्त्यलोक की हित-कामना से विधानपूर्वक आपकी पूजा करता हूँ, आप प्रसन्न हों और सम्मुख उपस्थित हों।

O Lord of the gods ! I pray to you for the welfare of the earth. May you be pleased and present before me !

1. आह्वयामि ( आवाहन करता हूँ ) कह कर आराध्य देवता का आवाहन करें।

Saying this **'āhvayāmi'** (I call.). invoke the deity.

**पादासनं कुरु प्राज्ञ ! निर्मलं स्वर्ण-निर्मितम्।**
**भूषितं विविधै रत्नैः कुरु त्वं पादुकासनम्।।**

*pādāsanaṃ kuru prājña! nirmalaṃ svarṇa-nirmitam /*
*bhūṣitaṃ vividhai ratnaiḥ kuru tvaṃ pādukāsanam //*

हे सर्वज्ञ ! स्वर्ण से निर्मित, विविध रत्नों से भूषित पादुकासन पर अपने चरण रखिए।

O omniscient ! place your feet on golden, bejewelled sandals.

2. **आसनं समर्पयामि** कहकर आराध्य देवता पर अक्षत, रोली डालें।

Saying the following : **'āsanaṃ samarpayāmi'** (I offer the seat.) sprinkle rice and red powder on the deity.

**गङ्गादिभ्यः सुतीर्थेभ्यो मया प्रार्थनयाहृतम्।**
**तोयमेतत्सुखस्पर्शं पाद्यार्थं प्रतिगृह्यताम्।।**

*gaṅgādibhyaḥ sutīrthebhyo mayā prārthanayāhṛtam /*
*toyametatsukhasparśaṃ pādyārthaṃ pratigṛhyatām //*

हे ईश! गङ्गा आदि तीर्थों से मेरे द्वारा प्रार्थना-पूर्वक लाया हुआ, सुखस्पर्श वाला जल, आप पैर धोने के लिये ग्रहण करें।

O Lord, accept the water that gives pleasure, that has been brought from the Ganga and other holy places for washing your feet.

3. **पाद्यं समर्पयामि** कहकर पाद-प्रक्षालन के लिए थोड़ा जल छोड़ें-

Saying the follwing: **'pādyaṃ samarpayami'** (I offer the padyam) sprinkle a little, water for the washing of the deity's feet.

**गन्धोदकेन पुष्पेण चन्दनेन सुगन्धिना।**
**अर्घ्यं गृहाण देवेश भक्तिं मे सुस्थिरां कुरु।।**

*gandhodakena puṣpeṇa candanena sugandhinā /*
*arghyaṃ gṛhāṇa deveśa bhaktiṃ me susthirāṃ kuru //*

हे प्रभु! सुगन्धित जल, पुष्प एवं सुगन्धित चन्दन से युक्त अर्घ्य को ग्रहण करें और मुझे स्थिर भक्ति प्रदान करें।

O Lord of Gods.! Please accept this respectable oblation of scented water, flowers, paste of sandal and fragrant incense; and grant me unwavering devotion.

**4. अर्घ्यं समर्पयामि** ( अर्घ्य प्रदान करता हूँ ) कह कर थोड़ा जल छोड़ें।

Saying the following: **'arghyaṃ samarpayāmi'**, (I offer the arghyam.) sprinkle a little water.

कर्पूरोशीरसुरभिशीतलं विमलं जलम्।
गङ्गायास्तु समानीतं गृहाणाचमनीयकम्।।

*karpūrośīrasurabhiśītalaṃ vimalaṃ jalam /*
*gaṅgāyāstu samānītaṃ gṛhāṇācamanīyakam //*

हे प्रभु! मैं कर्पूर से सुरभित और उशीर से शीतल गङ्गा का स्वच्छ जल ले आया हूँ, इसे आप आचमन के लिए स्वीकार करें।

O Lord, I have brought pure water of the Ganga that is as fragrant with camphor and as cool as scented grass. Please accept this for drinking.

**5. आचमनीयं समर्पयामिं** ( आचमन हेतु जल प्रस्तुत करता हूँ ) कह कर थोड़ा जल छोड़ें।

Saying the following : **'ācamanīyaṃ samarpayāmi'** (I offer the achamaniyam) sprinkle a little water.

मन्दाकिन्यास्समानीतं हेमाम्भोरुहवासितम्।
स्नानाय ते मया भक्त्या नीरं स्वीक्रियतां विभो।।

*mandākinyāssamānītaṃ hemāmbhoruhavāsitam /*
*snānāya te mayā bhaktyā nīraṃ svīkriyatāṃ vibho //*

हे सर्वव्यापक परमात्मन्! मैं स्वर्णकमलों से सुवासित गंगा का जल आप के स्नान के लिये भक्तिपूर्वक समर्पित करता हूँ, आप कृपया इसे स्वीकार करें।

O Lord, please accept the water I have offered for your bath, which is fragrant due to golden lotuses of the Ganga.

6. **स्नानार्थं जलं समर्पयामि** (स्नान हेतु जल समर्पित करता हूँ।) कह कर थोड़ा जल छोड़ें। इस समय अपनी शक्ति के अनुसार दूध, मधु, पञ्च गव्य, फल रस आदि से भी भगवान् का स्नान कराया जा सकता है। इसे पञ्चामृत कहते हैं।

Saying the following : **'snānartham jalam samarpayāmi'** (I offer the water for the both) sprinkle a little water. At this time, the deity can be anointed with milk, yogurt, honey, five cow products and fruit juice. This is called Panchamrita.

**वस्त्रं सूक्ष्मं दुकूलं च देवानामपि दुर्लभम्।**
**गृहाण त्वं प्रभो देव प्रसन्नो भव सर्वदा।।**

*vastraṃ sūkṣmaṃ dukūlaṃ ca devānāmapi durlabham /*
*gṛhāṇa tvaṃ prabho deva prasanno bhava sarvadā //*

हे देव! यह अति-उत्तम सूक्ष्म वस्त्र एवं दुकूल आप ग्रहण करें और हमेशा प्रसन्न रहें।

O Lord, please accepet these superior clothes and angavastra and remain gratified.

7. **वस्त्रं समर्पयामि** (वस्त्र देता हूँ) कह कर यदि वस्त्र हों तो वस्त्र, अन्यथा अक्षत डालें।

Saying the following : **'vastraṃ samarpayāmi'** (I offer clothes.) give clothes if possible, or otherwise, rice.

**यज्ञोपवीतं सहजं ब्रह्मणा निर्मितं पुरा।**
**आयुष्यं देव वर्चस्वम् उपनीतं गृहाण भो।।**

*yajñopavītaṃ sahajaṃ brahmaṇā nirmitaṃ purā /*
*āyuṣyaṃ deva varcasvaṃ upavītaṃ gṛhāṇa bho //*

हे देव! पहले ब्रह्मा द्वारा निर्मित आयु और बल को बढ़ाने वाला यह यज्ञोपवीत आप को समर्पित है, कृपया आप इसे ग्रहण करें।

O Lord, I offer this sacred thread created by Brahma in the beginnig which increases life and energy. Please accept it.

8. **यज्ञोपवीतं समर्पयामि** (यज्ञोपवीत प्रदान करता हूँ) कह कर यज्ञोपवीत पहनायें अन्यथा अक्षत डालें।

Saying the following: '**yajñopavītaṃ samarpayāmi**' (I offer the sacred thread.) put on the sacred thread, or else sprinkle rice.

**श्रीखण्डं चन्दनं दिव्यं गन्धाढ्यं सुमनोहरम्।**
**विलेपनं सुरश्रेष्ठ मार्दवं प्रतिगृह्यताम्।।**

*śrīkhaṇḍaṃ candanaṃ divyaṃ gandhāḍhyaṃ sumanoharam /*
*vilepanaṃ suraśreṣṭha mārdavaṃ pratigṛhyatām //*

हे परमेश्वर! मैं मनोहर, अत्यन्त सुगंधित दिव्य एवं मृदु चन्दन का लेप आप को कर रहा हूँ। कृपया इसे स्वीकार करें।

O Lord, I am applying soft, fragrant and divine sandalwood paste, please accept it.

9. **गन्धं समर्पयामि** (गन्ध समर्पित करता हूँ) कहकर चन्दन का तिलक आराध्य के ललाट पर करें।

Saying the following : '**gandhaṃ samarpayāmi**' (I offer fragrance.) put a sandalwood-paste mark on the forhead of the deity.

**माल्यादीनि सुगन्धीनि नानावर्णानि वै प्रभो।**
**मयाहृतानि पुष्पाणि, पूजार्थं प्रतिगृह्यताम्।।**

*mālyādīni sugandhīni nānāvarṇāni vai prabho /*
*mayā-hṛtāni puṣpāṇi pujārthaṃ pratigṛhyatām //*

हे प्रभु ! मेरे द्वारा पूजा के लिए लाए गए विविध वर्णों के सुगन्धित पुष्पों एवं मालाओं को ग्रहण करें।

O Lord, please accept the garlands and many coloured fragrant flowers, I have brought for your worship.

10. **माल्यं समर्पयामि** (माल्यादि प्रदान करता हूँ ) कहकर आराध्य को माला पहनाएँ तथा पुष्पों को अर्पित करें।

Saying the following: '**mālyaṃ samarpayāmi**' (I offer garland.) garland the deity and offer flowers.

**वनस्पतिरसोद्भूतो गन्धाढ्यः सुमनोहरः।**
**आघ्रेयः सर्वदेवानां धूपोऽयं प्रतिगृह्यताम्।।**

*vanaspatirasodbhūtaḥ gandhāḍhyaḥ sumanoharaḥ* /
*āghreyaḥ sarvadevānāṃ dhūpo,yaṃ partigṛhyatām* //

हे प्रभु! वनस्पतियों के रस से निर्मित अत्यन्त सुगन्धित मनोहारी यह धूप, जो कि सभी देवों के द्वारा सूँघने योग्य है, आप ग्रहण करें।

O Lord, please accept the incense made of the essence of the trees which is fragrant and pleasant and which is worth smelling by gods.

11. **धूपं समर्पयामि** (धूप देता हूँ ) कह कर धूप दें

Saying the following '**dhupaṃ samarpayami**' (I offer incense.) offer the incense.

**साज्यं त्रिवर्त्तिसंयुक्तं वह्निना योजितं मया।**
**दीपं गृहाण देवेश! त्रैलोक्यतिमिरापहम्।।**

*sājyaṃ trivartisaṃyuktaṃ vahninā yojitaṃ mayā* /
*dīpaṃ gṛhāṇa deveśa trailokyatimirāpaham* //

हे देवेश! त्रिलोक के अन्धकार का हरण करने के लिए घृत से पूर्ण, तीन बत्तियों से युक्त तथा अग्नि से प्रज्वलित किया गया यह दीप आप ग्रहण करें।

O Lord, please accept this lamp which contains ghee, which illumines the three worlds, which has three wicks and which is ablaze with fire.

12. **दीपं दर्शयामि** (दीप दिखाता हूँ) कह कर दीप दिखायें।

Saying the following: **'dīpaṃ darśayāmi'** (I show deepam.) offer the lamp.

**नैवेद्यं गृह्यतां देव भक्तिं मय्यचलां कुरु।**
**मयेप्सितं वरं देहि परत्र च परां गतिम्।।**

*naivedyaṃ grihyatāṃ deva bhaktiṃ mayyacalāṃ kuru I*
*mayepsitaṃ varaṃ dehi paratra ca parāṃ gatim II*

हे देव! नैवद्य ग्रहण करें, मुझे स्थिर भक्ति प्रदान करें, वांछित वर दें और परलोक में मोक्ष प्रदान करें।

O Lord, accept the offerings, grant me unwavering devotion, whatever I have asked for, and liberation in the other world.

13. **नैवेद्यं समर्पयामि** (नैवेद्य प्रदान करता हूँ) कहकर आराध्य के सामने नैवेद्य को प्रस्तुत करें।

Saying the following: 'naivedyaṃ samarpayāmi' (I put offerings.) present the offerings to the deity.

**पूगीफलं महद्दिव्यं नागवल्ल्या दलैर्युतम्।**
**कर्पूरचूर्ण-संयुक्तं ताम्बूलं प्रतिगृह्यताम्।।**

*pūgiphalaṃ mahaddivyaṃ nāgavallyā dalairyutam /*
*karpūracūrṇasaṃyuktaṃ tāmbūlaṃ pratigṛhyatām //*

हे देव! दिव्य सुपारी, पान के पत्ते में कपूर चूर्ण के साथ प्रदान करता हूँ, कृपया ग्रहण करें।

O Lord, I present divine betel nut with the betel leaves and camphor powder together. Please accept this.

14. **ताम्बूलं समर्पयामि** ( ताम्बूल प्रदान करता हूँ ) कहकर पान-सुपारी का अर्पण करें।

Saying the following: 'tāmbūlaṃ samarpayāmi', (I offer the betel leaf.) offer the betel nuts and betel leaves.

**'सक्षुद्रं सर्वलोकानां तिमिरस्य निवारणम्।**
**आर्तिक्यं कल्पितं भक्त्या गृहाण त्वं सुरेश्वर।।'**

*sakṣudraṃ sarvalokānāṃ timirasya nivāraṇam /*
*ārtikyaṃ kalpitaṃ bhaktyā gṛhāṇa tvaṃ sureśvara //*

हे देवाधिदेव सारे जगत् के सम्पूर्ण अन्धकार के विनाश के लिए मैंने भक्ति पूर्वक इस आरती को तैयार किया है, कृपया आप इसे ग्रहण करें। ऐसा कहकर कपूर की आरती करे।

O Lord, I have prepared with devotion this 'aarti' for the destruction of the darkness of all the worlds. Please accept it. Saying this do 'aarti' with camphor.

15. **पुष्पाञ्जलिः** (Offering of flowers)

**फलेन फलितं सर्वं त्रैलोक्यं सचराचरम्।**
**तस्मात्फल-प्रदानेन सफलाश्च मनोरथाः।।**

*phalena phalitaṃ sarvaṃ trailokyaṃ sacarācaram /*
*tasmātphalapradānena saphalaśca manorathāḥ //*

सम्पूर्ण चर-अचर त्रिलोक, फल से ही फलित है। फल प्रदान करने से मनोरथ सिद्ध होता है। ऐसा कहकर पुष्प चढ़ाये।

The entire three world movable or immovable - are the result of offerings; this leads to the fulfilment of what one desires. Saying this, offer flowers.

16. **प्रदक्षिणा** (circumambulation)

निम्नलिखित मन्त्रोच्चारपूर्वक प्रदक्षिणा करे।
Saying following mantra, perform the circumambulation.

**यानि कानि च पापानि ब्रह्महत्यासमानि च।**
**तानि सर्वाणि नश्यन्ति प्रदक्षिणपदे पदे।।**

*yāni kāni ca pāpāni brahmahatyāsamāni ca /*
*tāni sarvāṇi naśyanti pradakṣiṇapade pade //*

हर प्रकार के पाप, यहाँ तक कि ब्रह्म हत्या के समान पाप भी परिक्रमा करने से नष्ट हो जाते हैं। (अतः मेरी प्रदक्षिणा स्वीकार करे।)

All sins can be destroyed through performing circumambulation. (Please accept my circumambulation).

यह कहते हुए देवता की तीन बार परिक्रमा करें और मूर्त्ति पर पुष्प चढ़ाये।

Saying this, circumambulate the deity thrice, and offer flowers and rice to the image.

इसके बाद अपनी सुविधा के अनुसार अष्टोत्तरशत-नामावली या सहस्र नामावली से भगवान् की पूजा करे। नाम लेते समय हर बार एक-एक

पुष्प भगवान् पर चढ़ाये। समय के अभाव में आराध्यदेव का आठ बार नाम लेकर पुष्प चढ़ाए जा सकते हैं।

After this, according to convenience, worship the God with 108 or 1000 names. With each name, offer a flower. If there is a shortage of time offer flowers eight times while reciting the names of the deity.

**मन्त्रहीनं क्रियाहीनं भक्तिहीनं सुरेश्वर।**
**यत्पूजितं मया देव! परिपूर्णं तदस्तु मे।।**

*mantrahīnaṃ kriyāhīnaṃ bhaktihīnaṃ sureśvara /*
*yatpūjitaṃ mayā deva ; paripūrṇaṃ tadastu me //*

हे परमेश्वर ! मन्त्र से रहित, क्रियाविधान के बिना, भक्ति से हीन जो कुछ भी मैंने आपका पूजन किया, वह परिपूर्ण हो।

O Lord, please accept my worship , even though it is without appropriate mantras, method and devotion. May the worship of mine be complete.

**अपराध-सहस्राणि क्रियन्तेऽहर्निशं मया।**
**दासोऽयमिति मां मत्वा क्षमस्व पुरुषोत्तम।।**

*aparādha-sahasrāṇi kriyante'harniśaṃ mayā /*
*dāso' yamiti māṃ matvā kṣamasva puruṣottama //*

हे पुरुषोत्तम! मेरे द्वारा दिन-रात अगणित अपराध होते रहते हैं, फिर भी मुझे दास समझ कर मेरे अपराधों को क्षमा करें।

O! Purushottama! I commit infinite sins day and night, but treat me as your servant, please forgive my sins.

यह कहते हुए देवता को नमस्कार करे। उसके बाद निम्नलिखित वाक्यों को पढ़कर पुष्प और अक्षत से ईश्वर की पूजा करे।

Saying this, salute the lord. After that read the following sentences and worship the deity with flowers and rice.

1. **छत्रं धारयामि** — छत्र धारण करता हूँ
   *chatraṃ dhārayāmi* — I hold an umbrella.
2. **चामरं वीजयामि** — चँवर डुलाता हूँ
   *cāmaraṃ vījayāmi* — I fan with a 'Chamara'.
3. **नृत्यं नर्तयामि** — नृत्य कराता हूँ
   *nṛtyaṃ nartayāmı* — I dance dances.
4. **वाद्यं घोषयामि** — वाद्य बजाता हूँ
   *vādyaṃ ghoṣayāmi* — I play instruments.
5. **आन्दोलिकाम् आरोहयामि** — झूले पर झूलाता हूँ
   *āndolikāṃ ārohayāmi* — I swing (you) on a swing.
6. **समस्तभक्त्योपचार-राजोपचार-**
   *samastabhaktyopacāra-rājopacāra*
   **शक्त्योपचारपूजां समर्पयामि।**
   *śaktyopacārapūjāṃ samarpayāmi*
   हर प्रकार की भक्ति, राजविधि एवं शक्ति से पूजा कर रहा हूँ।
   I worship with all kinds of devotee methods and power.

उसके बाद **'अनेन पूजनेन भगवान् ....... प्रसन्नो भवतु** (इस पूजा से भगवान् ......... प्रसन्न हों) कहकर फूल एवं जल भगवान् के सामने समर्पित करे। पूजा के अन्त में प्रारम्भ की तरह तीन बार आचमन करे।

Saying the following: **'anena pūjanena bhagavān ..... prasanno bhavatu'.**

offer flowers and water. At the end, sip water thrice, as at the beginning of the worship.

# पारायण-श्लोका:

## Verses for daily reading

शुक्लाम्बरधरं विष्णुं शशिवर्णं चतुर्भुजम्।
प्रसन्नवदनं ध्यायेत् सर्वविघ्नोपशान्तये।।1।।

*śuklāmbaradharaṃ viṣṇuṃ śaśivarṇaṃ caturbhujam /*
*prasannavadanaṃ dhyāyet sarvavighnopaśāntaye //*

सभी प्रकार के विघ्नों की शान्ति के लिये श्वेत वस्त्र धारण करने वाले, चन्द्रमा के समान कान्ति वाले, चार भुजाधारी प्रसन्न मुखमण्डल वाले भगवान् विष्णु का ध्यान करना चाहिए।

One should meditate on Lord Vishnu who wears white clothes, is lustrous like the moon, has four arms, has a pleasant face and removes all obstacles.

सशङ्खचक्रं सकिरीटकुण्डलं
सपीतवस्त्रं सरसीरुहेक्षणम्।
सहारवक्षःस्थल-कौस्तुभश्रियं
नमामि विष्णुं शिरसा चतुर्भुजम्।।2।।

*saśaṇkhacakraṃ sakirīṭakuṇḍalaṃ*
